| Registration No: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

A2 – 2024

Subject Code **03**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of Questions : 36] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

3. खण्ड 'क' के प्रश्नों के उत्तर जो प्रथम बार लिखा जाता है, उन्हीं उत्तरों को मूल्यांकन के लिए लिया जायेगा।

## खण्ड – 'क'

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान की गोद में सिर रखे इन्हें अकथनीय सुख मिल रहा था -

i) बुलाकी को

ii) बैलों को

iii) बेला को

iv) भोला को

2) 'गंगा मैया से साक्षात्कार' के आधार पर, माँ के चेहरे पर थी -

i) मक्खी

ii) दाग

iii) गन्दगी

iv) उदासी

3) लेखिका की बड़ी बहन का नाम -

i) शीला ii) बुलाकी

iii) सुशीला iv) बेला

4) निम्नलिखित वाक्यों में 'चीफ की दावत' कहानी से संबंधित नहीं है -

i) चीफ की दावत कहानी में मनुष्य की उधेड़बुन वर्णित है।

ii) चीफ की दावत कहानी में वृद्धों की समस्याओं का चित्रण किया गया है।

iii) चीफ की दावत कहानी में गरीबी, भुखमरी, भ्रष्टाचार की समस्याओं का चित्रण किया गया है।

iv) चीफ की दावत कहानी में समाज के दिखावेपन का चित्रण है।

5) 'पानी' के लिए जापानी भाषा में शब्द है -

i) मिजु | ii) दायुस्कि
iii) इय | iv) दूमो आरिगातू

6) सूरदास के पद में 'दृष्टि परम रूचि लगी' पंक्ति का भाव है -

i) कृष्ण की दृष्टि गोपिकाओं को अच्छी लगी।

ii) उद्धव की दृष्टि गोपिकाओं को अच्छी लगी।

iii) गोपिकाओं की दृष्टि उद्धव को अच्छी लगी।

iv) गोपिकाओं की दृष्टि कृष्ण को अच्छी लगी।

7) 'अन्य गहने क्यों चाहिए माँ' ? में बेटी माँ से बताना चाहती है -

i) जो गहने लाये गये हैं, उनके अलावा अन्य गहने नहीं चाहिए।

ii) बेटी माँ के लिए गहने हैं और माँ बेटी के लिए गहने हैं।

iii) अन्य बहुत सारे गहने नहीं चाहिए।

iv) जो गहने खरीदे गए हैं, वे अच्छे नहीं हैं।

8) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को सींचा है -

i) दानवता ने | ii) दुर्बलता ने
iii) कायरता ने | iv) मानवता ने

9) प्रेम के बिना इसका मूल्य नहीं है -

i) अनुशासन का | ii) धर्म का
iii) सत्य का | iv) शासन का

10) भारवि के अनुसार यह जघन्य पाप है -

i) झूठ बोलना

ii) आत्महत्या करना

iii) चिंता में घुलना

iv) दूसरों की हत्या करना

(आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए:
(से, की, का, पर, ने, के) **(5 × 1 = 5)**

11) i) इस पद ----- उन्होंने तीन साल तक काम किया।

ii) पिताजी ----- बच्चों को मिठाई दी।

iii) नरक में निवास स्थान ----- समस्या हल हो गयी है।

iv) राज्य ----- विकास में उनकी देन अनुपम है।

v) कड़ी निगाह ------ देखा तक नहीं।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **(5 × 1 = 5)**

| | |
|---|---|
| 12) i) तिनक जाना | 1. रक्षा करना |
| ii) पोल खुलना | 2. अत्यधिक खुश होना |
| iii) मक्खी मारना | 3. हार जाना |
| iv) तार देना | 4. क्रोधित होना |
| v) फूले न समाना | 5. बेकार बैठना |
| | 6. रहस्य प्रकट होना |

## खण्ड – 'ख'

II. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

13) सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है?

14) मन्नू भंडारी की माँ का परिचय दीजिए।

15) विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे?

16) बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ क्यों ठिठक गये?

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

17) 'कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।'

18) 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया, तब मैं कैसे बच सकती थी'?

19) 'चिन्ता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया।'

20) 'यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे।'

III. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

21) सब वेद और स्मृतियाँ क्या बताते हैं?

22) जीवन की सार्थकता किसमें हैं?

23) 'हो गई है पीर पर्वत-सी' गजल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

(आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **(2 × 4 = 8)**

24) रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष, चून॥

**अथवा**

ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा-बड़ो सभ सम बसै,
रैदास रहै प्रसन्न॥

25) बचाना है -

नदियों को नाला हो जाने से
हवा को धुँआ हो जाने से
खाने को जहर हो जाने से
बचाना है - जंगल को, मरूथल हो जाने से।

**अथवा**

स्वाभिमान से ऊँचे मस्तक, झुके नहीं, कट सकते हैं।
युद्धक्षेत्र में, गोरा बादल, कट कर भी डट सकते हैं॥
जहाँ वीरता, 'सेनाणी' 'जौहर' की कीर्ति निखरती है....
भारत माता की धरती, वीरों, सन्तों की धरती है।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 5 = 10)**

26) दादाजी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे?

**अथवा**

27) बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

28) भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

**अथवा**

29) ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

**खण्ड – 'ग'**

V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।: **(3)**

30) वह खाना खाने के लिए कहा। लेकिन मुझे भूख नहीं था। फिर भी मैंने खाने की कोशिश किया।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **(2)**

31) i) उसने पाठ पढ़ा। (भविष्यात्काल में बदलिए)

ii) माता कपड़े धोती है। (भूतकाल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **(2)**

**32)** i) बालक

ii) चूहा

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: **(2)**

**33)** i) कम जाननेवाला

ii) जो परिचित न हो

**VI.** (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(5)**

**34)** मुझे ठीक मालूम नहीं कि मेरा लिवर ठीक काम करता है या नहीं, पर मैं किसी बच्चे को किलकारी मारकर हँसते देखता हूँ, तो मुझे लाल डिब्बे में बन्द बेबी मिल्क की याद हो आती है, किसी सुन्दर दृश्य को देखता हूँ तो उनतीस रूपयेवाला कैमरा मेरी आँखों के आगे घूमने लगता है। विवाह मंडप के पास खडे होकर मुझे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र की याद जरूर आती है। मोहल्ले के लाल चौधरी मिलने आते हैं तो मुझे लगता है कि विटामिन बी. कंप्लेक्स का विज्ञापन चला आ रहा है। दफ्तर की नई टाईपिस्ट रोजी का समूचा व्यक्तित्व मुझे लाल रंग की लिपस्टिक का विज्ञापन प्रतीत होता है। किसी से कहिएगा नहीं, पर हालत यहाँ तक पहुँच गई है कि अब मैं खुद आईने के सामने खड़ा होता हूँ, तो लगता है अपना चेहरा नहीं, लिवर साल्ट का विज्ञापन देख रहा हूँ।

प्रश्न:

i) लाल चौधरी किसके लिए विज्ञापन लगते हैं?

ii) टाईपिस्ट रोजी का व्यक्तित्व किसके लिए विज्ञापन लगता है?

iii) 'रूपये' का अन्य वचन रूप लिखिए।

iv) बच्चे की किलकारी लेखक को किसकी याद दिलाती है?

v) लेखक को राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र की याद कब आती है?

(आ) 35) आप सोनाल है। हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की है। लेकिन आपके कस्बे में अच्छे विद्यालय की कमी के कारण कस्बे से बाहर के किसी विद्यालय में प्रवेश लिया है। इसके सम्बन्ध में अपने दोस्त दीपक को लगभग सौ शब्दों में पत्र लिखिए। **(5)**

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(5)**

**36) i)** ಗೌತಮ ಬುದ್ಧನಿಂದ ಬೌದ್ಧ ಧರ್ಮ ಸ್ಥಾಪಿತವಾಯಿತು.

**Buddhism was founded by Gautham Buddha.**

**ii)** ನಾನು ನಿನ್ನ ಹತ್ತಿರ ಮಾತನಾಡ ಬಯಸುವುದಿಲ್ಲ .

**I don't want to talk to you.**

**iii)** ನಾವು ಪರಸ್ಪರ ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಬಾಳಬೇಕು.

**We have to live together with love.**

**iv)** ನೀವು ಎಂದಾದರೂ ವಿಮಾನದಲ್ಲಿ ಪ್ರಯಾಣ ಮಾಡಿದ್ದೀರಾ?

**Have you ever travelled by Aeroplane?**

**v)** ಗಾಂಧೀಜಿಯವರು ಸತ್ಯ ಮತ್ತು ಅಹಿಂಸೆಯನ್ನು ಪಾಲಿಸುತ್ತಿದ್ದರು.

**Gandhiji was follower of truth and non-violence.**